Reg. No. | | | | | | | | |

BCMHDL 281

Choice Based Credit System IV Semester B.Com. Degree Examination, September 2022
(2020-21 Batch Onwards)
COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE – HINDI
Group – III (Paper – IV)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक शब्द** अथवा **वाक्य** में उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

1) 'समय सरगम' उपन्यास की रचना किसने की है ?

2) ईशान के घर का नौकर कौन है ?

3) ईशान और आरण्या किसको देखने नर्सिंग होम जाते हैं ?

4) कामिनी की पोस्टिंग कहाँ हुई थी ?

5) प्रभु दयाल के कितने बेटे थे ?

II. 'समय सरगम' उपन्यास का सार अपने शब्दों में लिखिए । **10**

अथवा

'समय सरगम' उपन्यास के आधार पर 'ईशान' का चरित्र चित्रण कीजिए ।

III. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए । **(2×5=10)**

1) दमयंती ।

2) आरण्या ।

3) वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएँ ।

P.T.O.

(2×5=10)

IV. किन्हीं **दो** अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

1) ''पगली, बीडी के ऊपर दूध-चाय नहीं पीते । तू पी ले ।''

2) ''सबको समान अवसर मिला हुआ है । बस, उसको मेहनत से हासिल करने की जरूरत है, लेकिन हम अपने जातीय समुदाय के बंद तहखानों से बाहर नहीं निकल पाते और एक दूसरे से ईर्ष्या करने लगते हैं ।''

3) ''तो क्या गंदगी फैलाना ऊँचा काम होता है आपके यहाँ ?''

(2×5=10)

V. **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए ।

1) 'चैट कथा' लघुकथा का सार ।

2) माँ का महत्व-चींटी लघुकथा के आधार पर ।

3) 'सरकारी साँड' लघुकथा का सार ।

(3×1=3)

VI. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए ।

1) राम और सीता वन को गई ।

2) उसने अनेकों ग्रंथ लिखे ।

3) मेरे नये पते से चिट्ठियाँ भेजना ।

(3×1=3)

आ) शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए ।

1) वापिस ।

2) दवाईयाँ ।

3) दशर्न ।

(4×½=2)

इ) पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

1) पुत्र ।

2) मेघ ।

3) सूर्य ।

4) अरण्य ।

(4×½=2)

ई) विपरीतार्थक शब्द लिखिए ।

1) अंधकार ।

2) कायर ।

3) शुद्ध ।

4) हार ।

(1×5=5)

VII. अ) किसी एक फिल्म की समीक्षा लिखिए ।

(1×5=5)

आ) विवाह विज्ञापन के आलोक में दीपा के नाम से एक स्ववृत्त तैयार कीजिए ।

(1×5=5)

इ) नीचे दिए गए अनुच्छेद का अंग्रेज़ी या कन्नड में अनुवाद कीजिए :

सभ्यता के लक्षणों में समाचार पत्र एक हैं । कोई राष्ट्र जितना ज्यादा शिक्षित होता है, उतनी ही ज्यादा वहाँ समाचार पत्रों की माँग होती है, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति यह जानने के लिए सदा उत्सुक रहता है कि दुनिया में क्या हो रहा है और इसकी जानकारी उसे समाचार पत्रों के माध्यम से ही मिल सकती है । हर प्रकार का स्थानीय और विदेशी समाचार हमें देना ही समाचार पत्र का प्राथमिक कार्य है । हमारे देश में तथा दुनिया के अन्य देशों में क्या-क्या हो रहा है, इसकी सूचना समाचार पत्र हमें देता है । समाचार पत्रों से ही हम दुनिया की महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जान सकते हैं ।

(1×5=5)

ई) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

Delhi has fairly advanced in the sphere of industry. There are several mills and factories which manufacture articles of various kinds. With a view to keep the city free from the smoke of mills, a separate area has been reserved for industrial development. It is hoped that in near future all the mills and factories will be shifted to that place.

ದಿಲ್ಲಿಯು ಉದ್ಯಮ ಕ್ಷೇತ್ರದಲ್ಲಿ ಸಾಕಷ್ಟು ಅಭಿವೃದ್ಧಿ ಸಾಧಿಸಿದೆ. ಅಲ್ಲಿ ಅನೇಕ ಮಿಲ್ಲುಗಳು ಮತ್ತು ಕಾರ್ಖಾನೆಗಳಿವೆ. ಅವುಗಳಲ್ಲಿ ವಿವಿಧ ರೀತಿಯ ವಸ್ತುಗಳು ತಯಾರಾಗುತ್ತವೆ. ನಗರವನ್ನು ಮಿಲ್ಲುಗಳ ಹೊಗೆಯಿಂದ ರಕ್ಷಿಸುವ ಉದ್ದೇಶದಿಂದ ಔದ್ಯೋಗಿಕ ಬೆಳವಣಿಗೆಗೆ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಕ್ಷೇತ್ರವನ್ನು ನಿಗದಿಗೊಳಿಸಲಾಗಿದೆ. ನಿಕಟ ಭವಿಷ್ಯದಲ್ಲಿ ಎಲ್ಲಾ ಮಿಲ್ಲುಗಳು ಮತ್ತು ಕಾರ್ಖಾನೆಗಳು ಆ ಸ್ಥಳಕ್ಕೆ ವರ್ಗಾಯಿಸಲ್ಪಡಬಹುದೆಂದು ಆಶಿಸಲಾಗಿದೆ.

उ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5×1=5)

डॉ कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति हैं । वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना पाले हुए हैं । उनका मानना है कि भारतवासियों को सपने देखने चाहिए । सपनों को विचारों में बदलना चाहिए । विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए । डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया है । उन्हें 'पद्म भूषण' तथा 'पद्म विभूषण' से भी सम्मानित किया जा चुका है। भारत को उन पर गर्व है । वे सहज प्रवृत्ति के एक भावुक व्यक्ति हैं । उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना बेहद पसंद है । उनका जीवन तपस्या से भरा है । उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिये गये भाषण में संत कबीर दास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था ''कल करै सो आज कर, आज करै सो अब'' ।

प्रश्न :

1) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है ?

2) डॉ. कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं ?

3) भारत का सर्वोच्च सम्मान कौन-सा है ?

4) ''काल करै सो आज कर, आज करै सो अब'' किसका दोहा है ?

5) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।